Estd. 1961
वर्ष - 9 अंक 3
मूल्य - रु 1/-
जुलाई-सितम्बर 2018

# हिम चेतना

## HIM CHETANA

(NAAC द्वारा मूल्यांकित एवं प्रत्यायित)
(उस्मानिया विश्वविद्यालय एवं बी.आइ.ई.से संबद्ध)
Website : www.hindimahavidyalaya.org
E-mail : info@hindimahavidyalaya.org


विशेषांक

हिन्दी महाविद्यालय का मुखपत्र
(त्रैमासिक)

# वार्षिक रिपोर्ट

## आय व्यय विवरण 2017-18

SET YOUR
TARGET
and Keep Trying
until you reach it



साधारण सभा
शनिवार दि. 29-9-2018,
3-30 बजे महाविद्यालय में

हिन्दी महाविद्यालय
(AUTONOMOUS & NAAC- REACCREDITED)
जूनियर, डिग्री एवं पी.जी. कॉलेज एवं
M.C.GUPTA COLLEGE OF BUSINESS MANAGEMENT
नल्लाकुंटा, उस्मानिया युनिवर्सिटी रोड, शंकर मठ के समीप, हैदराबाद - 500 044.
फोन: 040-2761 6330, फैक्स : 040-6666 1860

## हिन्दी महाविद्यालय समिति

अध्यक्ष
सुरेन्द्र लूणिया

उपाध्यक्ष
कमलनारायण अग्रवाल

कार्यदर्शी
लक्ष्मीनिवास शर्मा

संयुक्त कार्यदर्शी
सुरेशचंद्र लाहोटी

कोषाध्यक्ष
श्यामसुन्दर मूंदड़ा

## सदस्य

1. डॉ. टी.वी. नारायण
2. श्री गोविन्द राठी
3. श्री शीलकुमार जैन
4. श्री जगदीश मित्तल
5. श्री कैलाशनारायण भांगडिया
6. डॉ. चंद्रप्रकाश चौहान
7. श्री जयदेव बल्दवा
9. श्री सोहनलाल कडेल
10. श्री अशोक जैन
11. श्री सुशील कपाड़िया
12. श्री किशोर संचेती
13. श्री प्रदीप दत्त
14. श्री दयानिवास शर्मा
15. श्री प्रसन्न भंडारी

डॉ.पी.उमा
प्राचार्य- एच.एम.वी. और एम.सी.जी.सी.बी.एम.

## गवर्निंग काउंसिल कॉलेज (स्वायत्त)

श्री सुरेन्द्र लूणिया (अध्यक्ष)

कमल नारायण अग्रवाल (उपाध्यक्ष)

श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा (कार्यदर्शी)

सुरेशचंद्र लाहोटी (संयुक्त सचिव)

श्री श्याम सुन्दर मूंदड़ा (कोषाध्यक्ष)

डॉ.पी.उमा (प्राचार्य)

डॉ. डी.वी.जी. कृष्णा सदस्य (शिक्षाविद्)

प्रो. अर्जुन राव (डीन-सी.डी.सी)

डॉ. के.पी. सिंग (यू.जी.सी नॉमिनी)

## M.C.GUPTA COLLEGE OF BUSINESS MANAGEMENT

**SURENDRA LUNIA**
(President)

**KAMAL NARAYAN AGRAWAL**
(Vice President)

**LAXMINIVAS SHARMA**
(Secretary & Correspondent)

**SURESH CHANDRA LAHOTI**
(Joint Secretary)

**SHYAM SUNDER MUNDADA**
(Treasurer)

## MEMBERS

1. Dr. T.V. Narayan
2. Sri Hemanth Kumar
3. Sri Daya Nivas Sharma
4. Dr. Chandraprakash Chauhan
5. Dr. P Uma

# अनुक्रमणिका


अनुक्रमणिका 01

सूचना एवं कार्यसूची 02

दृष्टि २०२० और हमारे लक्ष्य 03

संस्थाध्यक्ष की कलम से 04

वार्षिक रिपोर्ट 05

एम.सी.गुप्ता कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट रिपोर्ट 19

महाविद्यालय का वार्षिक आय-व्यय विवरण 23

विद्यार्थियों की संख्या 29

प्राध्यापक विवरण 30

समिति द्वारा नियुक्त अधिकारी 31

एम.सी.गुप्ता कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट प्राध्यापक विवरण 32

वार्षिक परीक्षा-परिणाम 33

# सूचना

हिन्दी महाविद्यालय समिति की साधारण सभा शनिवार दिनांक 29-09-2018 को मध्याह्न 3.30 बजे महाविद्यालय में संस्थाध्यक्ष श्री सुरेन्द्र लूणिया की अध्यक्षता में आयोजित होगी, जिसमें निम्न विषयों पर विचार-विमर्श और निर्णय किया जाएगा। इस बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थित है।

**विषय सूची**

1) गत बैठक की कार्रवाई स्वीकृत करना।

2) हिन्दी महाविद्यालय की वर्ष 2017-18 की वार्षिक रिपोर्ट की स्वीकृति।

3) महाविद्यालय का वर्ष 2017-18 का आय - व्यय विवरण स्वीकृत करना।

4) महाविद्यालय के लेखा - परीक्षक की नियुक्ति वर्ष 2018-19।

5) अन्य विषय - अध्यक्ष की अनुमति से।

कोरम के अभाव में साधारण सभा आधे घण्टे के पश्चात् महाविद्यालय में होगी।

हैदराबाद
7-9-2018

लक्ष्मीनिवास शर्मा
कार्यदर्शी

# दृष्टि 2020

शिक्षा-जगत् की आचार-संहिता की परिधि के भीतर, राष्ट्र के प्रति अपने सामाजिक एवं नैतिक दायित्त्व का निष्ठापूर्वक निर्वाह करते हुए, समाज के विभिन्न वर्गों से आने वाले विद्यार्थियों के लिये हिन्दी महाविद्यालय में ज्ञान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित विभिन्न आधुनिक विषयों के गहन-गंभीर अध्ययन की सुविधा हिन्दी एवं अंग्रेज़ी माध्यम से जनसाधारण के व्यय-सामर्थ्य और सीमाओं में निरन्तर सुलभ करायें तथा पाठ्यक्रमेतर अन्यान्य महत्वपूर्ण गतिविधियों के सतत् सक्रिय रहते हुए एक अद्वितीय विश्वविद्यालय के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं प्रत्युत अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हमारी पहचान बने-यही हमारा चिर-लक्ष्य है।

# हमारे लक्ष्य

01) हिन्दी महाविद्यालय सन् 2020 तक हिन्दी विश्वविद्यालय बने।

02) सन् 2020 तक छात्र - छात्राओं की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हो।

03) छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण उत्कर्ष के साथ-साथ उनमें आत्म विश्वास, सामयिक योग्यता, आत्म निर्भरता, साक्षात्कार कौशल, नेतृत्व गुण, सामाजिक चेतना आदि का विकास करना।

04) ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी से संबंधित विभिन्न युगोचित नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करना।

05) शिक्षण में आधुनिक श्रव्य - दृश्य साधनों एवं उपकरणों का प्रयोग।

06) विभिन्न शासकीय एवं गैर शासकीय संगठनों, उपक्रमों एवं अभिकरणों आदि से नियुक्ति संबंधी अनुबंध तथा छात्र-छात्राओं के लिए कैम्पस रिक्रूटमेंट सेल की स्थापना।

07) छात्र-छात्राओं के लिए परामर्श कक्ष की व्यवस्था।

08) राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं स्पर्धाओं में महाविद्यालय की प्रतिभागिता।

09) प्रान्तीय एवं विश्वविद्यालयीन स्तर पर आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में महाविद्यालय की प्रतिभागिता, राष्ट्रीय पदक एवं पुरस्कार प्राप्ति का संकल्प।

10) कार्यालय प्रणाली का कंप्यूटरीकरण तथा अकाउंटेंसी की नयी पद्धतियों का प्रयोग।

11) परिसर में पर्यावरण-संरक्षण एवं हरित क्रांति।

12) प्रत्येक व्यतीय वर्ष नवीन उपलब्धियों के कारण स्मरणीय एवं उल्लेखनीय बने।



**श्री सुरेन्द्र लूणिया**
*अध्यक्ष*

# संस्थाध्यक्ष की कलम से...

हिन्दी महाविद्यालय एक संस्था नहीं बल्कि एक परंपरा का प्रतीक है जिसे 57 वर्ष पूर्व समाज सेवियों और हिन्दी अनुरागियों ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार के संकल्प के साथ प्रारंभ किया था। आज भी यह अपनी गौरवपूर्ण परंपरा को अक्षुण्ण बनाये रखने की दिशा में प्रयत्नशील है।

हिम चेतना की यह वार्षिक रिपोर्ट (विशेषांक) आपको प्रेषित करते हुए अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है। उक्त त्रैमासिक मुखपत्र के माध्यम से हिन्दी महाविद्यालय की प्रगति एवं प्रत्येक गतिविधि की जानकारी समस्त सदस्यों, शुभचिंतकों तक पहुँचाई जा रही है। अकादमिक वर्ष 2017-18 संस्था के लिए उपलब्धियों से भरा रहा है। नवीन परिस्थितियों में स्वयं को समायोजित करने के लिए अंग्रेज़ी माध्यम का कोर्स प्रारंभ करते हुए भी हमें अपने मूल ध्येय से नहीं हटना है। हिन्दी की गौरवशाली परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखना है। इस परंपरा को वहन करते हुए एकल विद्यालय एवं हिन्दी माध्यम के विद्यालयों को पिछले कई वर्षो से सहायता राशि प्रदान की जाती है।

एक स्वायत्तशासी संस्था के रूप में हमें इतनी स्वतंत्रता है कि हम नये कोर्स प्रारंभ कर सके तथा संचालित पाठ्यक्रम में परिवर्तन ला सके। इस दिशा में महाविद्यालय सकारात्मक रूप से गतिशील है। विद्यार्थियों को रोजगार मूलक शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है तथा विद्यार्थियों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।

महाविद्यालय का विशाल भवन और विस्तृत परिसर सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र है। महाविद्यालय में अनेक संसाधन एवं सुविधाएँ उपलब्ध हैं। शैक्षणिक गतिविधियों से इतर विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियों का भी समय-समय पर आयोजन किया जाता है। विद्यार्थियों की आंतरिक प्रतिभा को उभारने के लिए नयी शिक्षण तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है।

इस वर्ष संस्था के लिए बड़ा ही दुखद प्रसंग रहा। इस बात से हमें बहुत आघात लगा जब राज्य सरकार से हिन्दी के कोर्सो को दी जाने वाली ऐड बंद कर दी और सारे एडेड प्राध्यापकों का तबादला कर दिया। हिन्दी महाविद्यालय द्वारा कई कोर्स हिन्दी में चलाये जा रहे है जिसमें इस साल बी.ए. में दाखिले बंद कर दिए गए हैं।

इस सबके बावजूद महाविद्यालय समिती ने अभी भी कुछ कोर्सो को चालू रखा है। तथा अध्यापकों के सम्पूर्ण वेतन का वहन हिन्दी महाविद्यालय समिति कर रही है। शिक्षण स्टॉफ के पाठ तथा गैर शिक्षण स्टॉफ के लोगों का तबादला कर दिया गया है।

सरकार द्वारा उठाये गए इन कदमों के पीछे यह कारण हो सकता है हिन्दी के प्रति जनसाधारण की रूचि कम होती जा रही है और हिन्दी के प्रति जो कानून बनाए गए हैं उन पर अमल नहीं किया जा रहा है।



लक्ष्मीनिवास शर्मा
कार्यदर्शी

# हिन्दी महाविद्यालय
# वार्षिक रिपोर्ट - 2017-18

वर्ष 2017-18 की संपूर्ण वार्षिक रिपोर्ट आपके सम्मुख प्रस्तुत करते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है। शैक्षणिक क्रियाकलापों की दृष्टि से 2017-18 का वर्ष अधिक सक्रिय और उपलब्धियों भरा रहा है। प्राप्त स्वायत्तता की कालावधि 6 वर्ष है। हिन्दी महाविद्यालय ने स्वायत्तशासी संस्था के रूप में 6 वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण कर लिये हैं और इस प्रकार स्वायत्तता पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों का प्रथम बैच स्नातक बन गया है। इसके साथ
नैक मूल्यांकन समिति दल के सदस्यों द्वारा दिनांक 8-9 सितंबर 2017 को महाविद्यालय का निरीक्षण एवं पूर्नमूल्यांकन किया गया। हमारे लिए गर्व का विषय है कि हैदराबाद, तेलंगाना में हिन्दी महाविद्यालय एक मात्र एडेड कॉलेज है जिसने नैक द्वारा पूनर्मूल्यांकन एवं प्रत्यायन का तीसरा चक्र पूर्ण कर लिया है और बी ग्रेड से बढ़ कर बी प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है। अन्य उपलब्धि यह रही कि अप्रैल माह में यूजीसी को स्वायत्तता के नवीनीकरण हेतु 12 मार्च 2018 को भेजे गये आवेदन के पश्चात संयुक्त स्वायत्तता दल द्वारा 3-4 अगस्त 2018 को महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया। सकारात्मक निर्णय की प्रतीक्षा है। स्वायत्तशासी संस्था के रूप में हिन्दी महाविद्यालय ने विकास के कई चरण पूर्ण किये हैं।

राष्ट्र के प्रति सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों का निर्वाह करते हुए विभिन्न वर्गों के छात्रों को रोज़गारमूलक, आधुनिक तथा शिक्षा जन्य हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराना, तकनीकी ज्ञान प्रदान कराना महाविद्यालय के भीतर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराना समिति का ध्येय है। चरणदरचरण ध्येय पूर्ति के लिए इस वर्ष भी समिति की बैठकें होती रही है, जिनमें विचार-विमर्श के पश्चात योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

अकादमिक वर्ष 2017-18 में संपन्न बैठकें

हिन्दी महाविद्यालय की वार्षिक साधारण सभा की बैठक 23-9-17 को संपन्न हुई।

हिन्दी महाविद्यालय प्रबंध समिति की प्रथम बैठक 12-5-2017, दूसरी बैठक 24-10-2017, तीसरी बैठक 24-4-2018 तथा चौथी बैठक 2-6-2018 को संपन्न हुई।

हिन्दी महाविद्यालय स्वायत्तता गवर्निंग काउंसिल की प्रथम बैठक 20-4-2107, दूसरी बैठक 24-10-2017 तथा तीसरी बैठक 27-3-2018 को संपन्न हुई।

हिन्दी महाविद्यालय में छात्रों की गुणवत्ता की ओर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। रोजगार की संभावनाओं को

ध्यान में रखते हुए सिल्क डेवल्पमेंट से जुड़े पाठ्यक्रम गत दो वर्षों से पढ़ाये जा रहे हैं। तीसरा वर्ष प्रारंभ हो गया है। छात्रों का इन पाठ्यक्रमों के प्रति झुकाव एवं प्रवेश उत्साहवर्धक है। वैश्वीकरण के युग में कौशल और ज्ञान आर्थिक विकास और बौद्धिक उत्थान को समायोजित करते हुए छात्रों को उनके सुरक्षित भविष्य के लिए सशक्त बनाया जा रहा है और प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जा रहा है। समय-समय पर राष्ट्रीय संगोष्ठियों और अतिथि व्याख्यानों द्वारा छात्रों के ज्ञान में वृद्धि की जा रही है।

चतुर्दिक विकास की ओर अग्रसर होते हुए शृंखलाबद्ध रूप से नवीन योजनाओं को लागू किया गया है। जिनमें प्रमुख है स्टेडियम, जिसमें हजार लोगों को बैठने की व्यवस्था है। 45 हजार विविध विषयों से युक्त पुस्तकालय के कम्प्यूटराइज़ेशन में तीव्रता लाने के लिए लिबमैन सॉफ्टवेयर उपयोग में लाया जा रहा है। स्वायत्ता के अंतर्गत परीक्षाओं से जुड़ी गतिविधियों के लिए गठित परीक्षा विभाग को भी आधुनिक तकनीकी से युक्त किया गया है। ऐसे कम्पयूटर के माध्यम से अंक तालिका एवं परीक्षा परिणाम तैयार किये जा रहे हैं। छात्रों के लिए सभी सूचनाएँ वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। हिन्दी महाविद्यालय का विस्तार करते हुए नवीन पाठ्यक्रमों का संचालन और उनके लिए कमरों का निर्माण, बॉयज हॉस्टेल का निर्माण इस निर्मित हॉस्टेल में महाविद्यालय के 25 छात्रों ने आवेदन दिया है तथा कहाँ कैंटीन की सुविधा भी उपलब्ध है।

छात्रों को उच्चत्तम शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखते हुए 2017-18 से एम.कॉम (फायनाँस) अंग्रेजी माध्यम से प्रारंभ किया गया है। प्रवेश के लिए आवंटित 40 स्थानों में से 35 छात्र प्रवेश ले चुके है। एमबीए एम.सी. गुप्ता कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट को जेएनटीयू से पुनः अफिलिएशन प्राप्त हुआ है। यह पाठ्यक्रम विधिव्त प्रारंभ हो गये हैं। महाविद्यालय समिति द्वारा वर्ष 2010-20 में निम्न पाठ्यक्रम संचालित करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है।

स्नातक स्तर पर

1. बी.एससी - मेथमेटिक्स, फिज़िक्स, केमेस्ट्री
2. बी.वोक - योगा
3. बी. वोक - अकाउंटेंसी

स्नातकोत्तर स्तर पर

1. एम.एससी - मेथमेटिक्स
2. एम.एससी - स्टेटिसटिक्स
3. बी. वोक - बैंकिंग एंड इश्योरेंस
4. बी. वोक - हास्पिटैलिटी एंड टूरिज़्म

अकादमिक वर्ष 2017-18 में महाविद्यालय को नये बदलाव का भी सामाना करना पड़ रहा है। जहाँ नैक और ऑटोनॉमी से संबंधित बड़े पड़ाव तय किये गये वहीं कमिश्नरेट ऑफ कॉलिजियेट एजुकेशन, तेलंगाना द्वारा एडेड कॉलेजों के निजीकरण किये जाने के निर्णय का सामना कठिन रहा। इस निर्देश का पालन करते हुए हिन्दी माध्यम से संचालित स्नातक पाठ्यक्रम रोक दिये गये हैं। इस अप्रत्याशित आदेश के तहत महाविद्यालय के 4 एडेड प्राध्यापक

तथा 7 कर्मचारियों का स्थानांतरण अन्य सरकारी महाविद्यालय में कर दिया गया है। प्राध्यापक एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के अभाव की स्थिति को शीघ्र संभालते हुए विभिन्न विभागों में प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति नियमानुसार कर दी गयी है। समिति के प्रयासों के फलस्वरूप बी.कॉम (हिन्दी माध्यम) पाठ्यक्रम को सेल्फ फाइनेंसड के अंतर्गत जारी रखने की अनुमति प्राप्त हुई है। वर्तमान में छात्रों की कुल 710 संख्या हिन्दी महाविद्यालय के लिए उत्साहजनक है।

संस्था की प्रगति, उन्नति, विकास और संस्था के कार्यों को व्यवस्थित रूप से चलाने में, प्राप्त सहयोग के लिए मैं आदरणीय अध्यक्ष श्री सुरेंद्र लूणिया, उपाध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल, संयुक्त मंत्री श्री सुरेशचंद्र लाहोटी, कोषाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा तथा समिति के अन्य समस्त सम्मान्य सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ। सहृदय उच्च शिक्षा आयुक्त, इंटर बोर्ड, यू.जी.सी. तथा भारतीय ज्योतिष विज्ञान परिषद, नाक संस्था तथा स्वायत्त समिति से प्राप्त सहयोग के लिए एवं आर्थिक अनुदान के लिए भी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ। संस्था के प्राचार्य, उप-प्राचार्य, समस्त विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकों तथा कार्यालय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी मैं उनसे प्राप्त सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूँ।

महाविद्यालय की विस्तृत रिपोर्ट संलग्न हैं।

### स्थानांतरित अध्यापक

1. श्री पी. गिरिधर – कार्यवाहक प्राचार्य (वाणिज्य विभागाध्यक्ष)
2. डॉ. मुक्तावाणी – अध्यक्ष (संस्कृत विभाग)
3. डॉ. राजशेखर – अध्यक्ष (अंग्रेजी विभाग)
4. श्रीमती एलिजा बेथ – गणित प्राध्यापिका

### स्थानांतरित कार्यालय कर्मचारी

1. श्री जी.वी. कृष्णा राव (क्लर्क)

### स्थानांतरित चतुर्थ श्रेणी

1. श्री जी. गंगय्या
2. श्री राघवेंद्र राव
3. श्री यादगिरी
4. श्री ए. अशोक
5. श्री ई. अंजय्या
6. श्री सौरभ



डॉ. सुरभि तिवारी
*प्रवक्ता राजनीति शास्त्र विभाग*

# प्रगति की दिशा में अग्रसर हिन्दी महाविद्यालय

दक्षिण की भूमि हैदराबाद के केंद्र में स्थापित संपूर्ण दक्षिण भारत का कल्पवृक्ष हिन्दी महाविद्यालय वर्ष 1961 से अपनी अविराम गतिविधियों एवं उपलब्धियों के कारण नगरद्वय की शिक्षण संस्थाओं का प्रेरणा स्त्रोत रहा है। क्रमश: वर्ष 2006, 2012 के पश्चात सितंबर 2017 को महाविद्यालय ने राष्ट्रीय पुनर्मूल्यांकन एवं प्रत्यायन का तीसरा चक्र सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए बी.प्लस ग्रेड प्राप्त किया है। इसी क्रम में वर्ष 2012 के पश्चात अगस्त 2018 को हिन्दी महाविद्यालय ने स्वायत्तता की द्वितीय प्रक्रिया पूर्ण कर ली है। स्वायत्तता प्रमाण पत्र के साथ संस्था की प्रगति की दिशा में नया अध्याय जुड़ गया है। स्थापना के समय से जिन लक्ष्यों को लेकर यह शिक्षण संस्था बढ़ी, उन्हें प्राप्त करते हुए महाविद्यालय प्रबंध समिति के नेतृत्व में ज्ञान ज्योति से निरंतर प्रज्वलित हो रहा है।

संस्था अध्यक्ष सुरेंद्र लूणिया, उपाध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल, कार्यदर्शी लक्ष्मीनिवास शर्मा, संयुक्त कार्यदर्शी सुरेशचंद लाहोटी, कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर मूंदड़ा एवं समिति के सक्रिय सदस्यों के दिशा-निर्देश में कई कीर्तिमान स्थापित कर रही है और हीरक जयंती की ओर अग्रसर है। राष्ट्र के प्रति सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों का निर्वाह करते हुए विभिन्न वर्गों के छात्रों को शिक्षा जन्य हर संभव सहायता उपलब्ध कराना, तकनीकी ज्ञान प्रदान करना तथा महाविद्यालय के भीतर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराना समिति का ध्येय है। इसी को ध्यान में रखते हुए छात्र एवं छात्राओं के लिए हॉस्टल की व्यवस्था की गयी है।

हैदराबाद के भूतपूर्व वित्त मंत्री माननीय विनायक राव विद्यालंकार की इच्छा शक्ति का साकार रूप 'हिन्दी महाविद्यालय' ने विगत 57 वर्षों में बार-बार यह सिद्ध किया है कि सभी क्षेत्रों में उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने में इस संस्था ने दक्षिण भूमि पर असंभव को संभव में परिणत कर दिया है।

यहाँ का पुस्तकालय इस संस्था की धुरी है और नगरद्वय के शोधार्थियों का लिए आकर्षण का केंद्र है। यह 45,000 पुस्तकों से समृद्ध है। इसके अतिरिक्त विद्यालय एवं विद्यालयेतर अध्येताओं के लिए पृथक रूप से अध्ययन कक्ष की व्यवस्था की गयी है। उत्तम शिक्षा के सभी मापदंड को चरण-दर-चरण पूर्ण करने में क्रियाशील तथा दृष्टि 2020 के लक्ष्यों की सृष्टि की ओर निरंतर अग्रसर हिन्दी महाविद्यालय आज प्रगति के उच्च शिखर पर विराजमान है।

# महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधन एवं सुविधाएँ

## पुस्तकालय

हिन्दी महाविद्यालय का पुस्तकालय महाविद्यालय के लिए गौरव है क्योंकि यह नगरद्वय के पुस्तकालयों से अधिक समृद्ध है। उक्त पुस्तकालय में प्राचीनतम दुर्लभ साहित्य, कोश, संदर्भग्रंथ आदि हैं जो अन्यत्र अप्राप्य हैं। कतिपय प्रतिबंधित पुस्तकें जैसे 'पथ के दावेदार' भी उपलब्ध है। नालंदा शब्द कोश के अप्राप्य संस्करण से लेकर **कामिल बुल्के की रामकथा, भारतीय लोक साहित्य कोश** (9 भाग) जो शोधार्थियों के लिए दुर्लभ है परंतु यहाँ प्राप्य है। **आंध्र का इतिहास** की दुर्लभ प्रति यहां उपलब्ध है। ज्ञान-पिपासुओं के लिए यह पुस्तकालय अत्यंत उपयोगी है। यू.जी.सी. के नियमानुसार डिग्री की पुस्तकों के अतिरिक्त प्रति वर्ष 15 हजार रूपये की पुस्तक स्नातकोत्तर केन्द्र के विद्यार्थियों के लिए मंगवाई जाती है। उक्त पुस्तकों का चयन अत्यन्त सावधानीपूर्वक, विषयानुकूल, पाठ्यक्रम से संबंधित, ग्रंथ, दुर्लभ, साहित्य, संदर्भ ग्रंथ, समकालीन साहित्य आदि को देखते हुए किया जाता है। अनेक मासिक, त्रैमासिक एवं वार्षिक पत्र-पत्रिकाएँ भी मंगवाई जाती हैं। अकादमिक वर्ष 2017-18 में प्रारम्भ किये जाने वाले नवीन पाठ्यक्रमों के लिए पुस्तकें खरीदी गई हैं।

**42 हज़ार विविध विषयों से युक्त पुस्तकालय के कम्प्यूटराइज़ेशन में तीव्रता लाने के लिए 'लिबमैन सॉफ्टवेयर' उपयोग में लाया जा रहा है।**

### पुस्तकालय में लगभग 42,000 से अधिक पुस्तकें उपलब्ध हैं।

**सितंबर 2017 से जुलाई 2018 तक खरीदी गयी पुस्तकें**

| | 2017 सितंबर से पूर्व | 2018 सितंबर के पश्चात | | 2017 सितंबर से पूर्व | 2018 सितंबर के पश्चात | | 2017 सितंबर से पूर्व | 2018 सितंबर के पश्चात |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणित - | 1051 | 38 | भौतिकी शास्त्र - | 1206 | 26 | वनस्पति शास्त्र - | 737 | -- |
| वाणिज्य - | 4676 | 257 | रसायन शास्त्र - | 1205 | 46 | इतिहास - | 1475 | 22 |
| कंप्यूटर - | 219 | 63 | प्राणीविज्ञान - | 766 | -- | हॉस्पिटैलिटी - | 39 | -- |
| अर्थशास्त्र- | 1579 | 30 | सूक्ष्म जीवविज्ञान- | 55 | 03 | टूरिज़्म मैनेजमेंट - | 26 | -- |
| राजनीति शास्त्र | 1629 | 51 | जैव प्रौद्योगिकी- | 49 | 12 | केंद्रीय हिंदी संस्थान | 448 | -- |
| अंग्रेजी - | 3357 | 90 | जैव रसायन - | 63 | 11 | तेलुगु | | 16 |
| हिन्दी साहित्य- | 21226 | 232 | संस्कृत - | 1283 | 95 | अन्य - | 8708 | 91 |



## जिम



वर्ष 2002 में यू.जी.सी. से प्राप्त अनुदान राशि से महाविद्यालय में जिम की स्थापना हुई। अब तक सैंकडों छात्र-छात्राओं ने इसका लाभ उठाया है। जिम को हमारे छात्रावास की छात्राओं के लिये भी खोल देने का प्रस्ताव आया है। वस्तुतः जिम के समुचित एवं व्यापक उपयोग की एक अचूक योजना के निर्माण की आवश्यकता है। इस दिशा में आप सबके सुझाव आमंत्रित हैं।



# वातानुकूलित कंप्यूटर लैब

इसकी स्थापना सन् 2002 में की गई थी। इसमें इंटरमीडिएट, बी.ए., बी.कॉम. तथा विज्ञान के विद्यार्थी अपने -अपने पाठ्यक्रम के आधार पर कंप्यूटर-विषयक ज्ञान प्राप्त करते हैं। विश्वविद्यालय की नयी नीतियों के अनुसार बी.कॉम के शिक्षा क्रम में सभी विषयों के साथ कंप्यूटर का प्रयोग एवं व्यावहारिक ज्ञान अनिवार्य हो गया है तथा प्रैक्टिकल परीक्षाओं के अंक भी वार्षिक परीक्षा में जोड़े जाने लगे हैं। कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिये कंप्यूटर लैब में उपलब्ध 74 कंप्यूटरों को विभागीय आवश्यकतानुसार वितरित करते हुए स्वतंत्र कक्षाओं में विभक्त कर दिया गया है तथा कंप्यूटरों की देख-रेख एवं रख-रखाव हेतु एक विशेषज्ञ की भी नियुक्ति कर दी गई है।

अंग्रेजी विभाग - 18 वाणिज्य विभाग - 26 ऐच्छिक कोर्स - 25 अतिरिक्त- 10

कंप्यूटरों को इंटरनेट से भी जोडा गया है, जिससे नेट पर उपलब्ध ज्ञान सामग्री से लाभान्वित हुआ जा सके। समय-समय पर की गई विद्युत् की कटौती से होने वाले व्यवधान से बचने के लिये कंप्यूटर लैब में यू.पी.एस. स्थापित किया गया है, जिससे अब बिजली गुल हो जाने पर भी कंप्यूटरों पर निरंतर कार्य किया जा सकेगा।



# महिला एवं पुरुष छात्रावास

**महिला छात्रावास :** वर्ष 2007 के जनवरी मास में उद्घाटित हमारे छात्रावास में 80 से अधिक छात्राओं के निवास की व्यवस्था है। छात्रावास में व्यवस्थित रसोई घर, डाइनिंग हॉल, रिक्रिएशन रूम, इनडोर क्रीडा कक्ष आदि सुविधाएँ उपलब्ध हैं। छात्रावास के नीचे पृथक् पार्किंग स्थल का भी प्रावधान है। प्रदत्त सुविधाओं के कारण इस छात्रावास की, निकटवर्ती छात्रावासों तथा छात्र समाज में बड़ी चर्चा है। वर्ष 2016-17 में इस छात्रावास में लगभग 81 छात्राओं ने प्रवेश लिया। छात्रावास की छात्राओं को लाइब्रेरी के उपयोग की स्वीकृति भी दी जाती है।

पुरुष छात्रावास : स्टेडियम के पिछले भाग में पुरुषों के लिए छात्रावास की व्यवस्था की गई है जो अक्तूबर माह में पूर्ण हो जाएगी एवं 25 विद्यार्थियों के रहने की व्यवस्था वहां रहेगी।



# एन.सी.सी. इकाई

सन् 1994 में स्थापित एन.सी.सी. इकाई आकाश थापा (हिन्दी महाविद्यालय पी. वमशी कृष्णा हिन्दी महाविद्यालय के छात्र, बी.एस.सी. ग्रुप) के योग्य नेतृत्व में पर्याप्त सक्रिय है। महाविद्यालय के अपने तथा अन्य संस्थाओं से आये सभी कैडेट्स सहित इस इकाई में संप्रति 150 से अधिक कैडट्स प्रशिक्षणाधीन हैं, जिन्होंने नियमानुसार गत वर्ष भी विभिन्न शिविरों, शिविरकालीन प्रतियोगिताओं, स्पर्धाओं तथा सामाजिक जागरूकता मूलक सेवा-कार्यों में भाग लेकर संस्था का गौरव बढ़ाया।

**एन.सी.सी. गतिविधियाँ**

**SWATCHTHA PAKWADA : 01/12/2017 to 15/12/2017**

· Participation Of Ncc Cadets In Swatchtha Pakwada Campaign From 1/12/2017 To 15/12/2017 At Vidyanagar.

**HARITHAHARAM PROGRAM ON 28/JULY/2018**

· Ncc Cadets Also Participated In Harithaharam Program In Hindi Mahavidyalaya College On 28/july/2018

**ALL INDIA TREKKING CAMP (06/13/OCT/2017)**

· Two Of Our Cadets Participated In All India Trekking From 06/oct/2017 To 13/oct/2017 At Tirupathi.

**INTERNATIONAL YOGA DAY 21-JUNE-2018**

**INSPECTION ON 8/09/SEPT/2017**

· Participation of NCC cadets in NAAC Inspection on 8/09/2017 and 09/09/2017.

· Cadets also participated as volunteers in special programs at NAAC visiting time

**ARMED FORCE FLAG DAY 07/DEC/2017**

· Participation Of Ncccadets In Armed Forceflag Day At Sainik Welfare Association Somajiguda On 07/dec/2017

**REPUBLIC DAY PARADE (26/JAN/2018)**





# क्रिकेट कोचिंग अकादमी

महाविद्यालय द्वारा सन् 1998 में स्थापित यह अकादमी नगर तथा नगरान्तर में कीर्ति अर्जित कर रही है। इसमें प्रशिक्षित अनेक विद्यार्थियों ने स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय तथा प्रांतीय एवं राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंटों एवं मैचों में भाग लेकर न केवल अपनी उपस्थिति का आभास कराया है वरन् विभिन्न पदक तथा पुरस्कार प्राप्त करके अकादमी को गौरवान्वित किया है। गत दस वर्षों से यह अकादमी नगरस्थ विकलांग क्रिकेट खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। खेल पढ़ाई में किसी प्रकार से बाधक नहीं है। अध्ययन के साथ साथ खेलकूद भी जारी रखा जा सकता है।





# प्लेसमेंट सेल

सामयिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर संस्था में एक प्लेसमेंट सेल की स्थापना की गई है जो योग्य छात्र-छात्राओं को योग्यता एवं अर्हतानुसार नौकरियाँ दिलवाने में सहायता करती है। इस संदर्भ में अनेक कंपनियों, कार्यालयों, बड़े होटलों, बैंकों जिनमें आई.सी.आई.सी.आई बैंक, बिज़नेस सेंट्रल, कैप जैमिनी, प्रतीक वेंचर्स आदि प्रमुख हैं।





## एकल शिक्षक विद्यालय को आर्थिक सहायता



गत अनेक वर्षों से हिन्दी महाविद्यालय की ओर से एकल शिक्षक विद्यालय को नियमित रूप से आर्थिक सहायता दी जा रही है। 2 लाख 89 हजार की किस्त एकल शिक्षक विद्यालय को सहायता स्वरूप प्रदान की गयी है।



## हिन्दी महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न परीक्षाएँ

महाविद्यालय में महाविद्यालयीन परीक्षाओं से इतर परीक्षाओं का भी आयोजन बड़े ही व्यवस्थित तरीके से किया जाता है। जिसमें राज्यस्तरीय से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक की परीक्षाएँ होती हैं। राज्य स्तरीय परीक्षाओं में इंटरमीडिएट की वार्षिक एवं पूरक परीक्षा ए.पी.पी.एस.सी की ग्रुप I, II, III आदि की परीक्षा संचालित की गई। विश्वविद्यालयीन स्तर पर डिग्री एवं पूरक परीक्षाएँ, पी.जी. की प्रवेश परीक्षा, निर्णायक परीक्षा, यू.जी.सी. नेट आदि परीक्षाओं का आयोजन किया गया। यू.पी.एस.सी. की परीक्षा तथा सी.ए., आदि की परीक्षाएँ संचालित की गई।



## महाविद्यालय में आयोजित विविध गतिविधियाँ

**हिन्दी महाविद्यालय में हिन्दी दिवस समारोह आयोजित**: हिन्दी महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा दिनांक 14-9-2018 हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में के. शिवानंद हिन्दी प्राध्यापक केंद्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान हैदराबाद उपस्थित थे। वाणिज्य विभागाध्यक्ष श्री पी. गिरिधर ने संदेश भाषण में पंत की पक्तियों को उद्धृत करते हुए कहा कि हिन्दी में अभिव्यक्ति सरल है।

**हिन्दी महाविद्यालय में मनाया गया गणित दिवस :**

दिनांक 22-12-2017 हिन्दी महाविद्यालय में प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जंयती राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनायी गयी। आज यहाँ इस अवसर पर गणित विभाग की प्राध्यापिका श्रवंती जगदीश वंगा ने विद्यार्थियों को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के बारे में बताया। महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने रामानुजन के जीवन और उनके आविष्कारों पर पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी। गणित के विद्यार्थियों ने साथी विद्यार्थियों के लिए प्रश्न-मंच प्रतियोगिता का आयोजन भी किया।

**हिन्दी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण :**

दिनांक 28-12--2018 को हिन्दी महाविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी और बायोकेमेस्ट्री के विद्यार्थियों को फील्ड ट्रिप हेतु प्रो. जयशंकर तेलंगाना स्टेट एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, राजेंद्र नगर के एग्रीबायोटेक फाउंडेशन ले जाया गया। 76 विद्यार्थियों और 5 प्राध्यापकों ने इसमें भाग लिया। सर्वप्रथम फाउंडेशन निदेशक पख्खी रेड्डी ने विद्यार्थियों को फाउंडेशन की जानकारी दी। उन्होंने फाउंडेशन द्वारा चलायी जाने वाली विभिन्न स्किल एनहेंसमेंट योजनाओं की जानकारी दी। विद्यार्थियों को चार ग्रुप मे बाँटकर

विभिन्न प्रयोगशालाओं में ले जाया गया, जहाँ पर उन्हें प्रयोगशालाओं के विशिष्ट अधिकारियों ने वहाँ होने वाले रिसर्च प्रोग्राम और उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

**हिन्दी महाविद्यालय में राष्ट्रीय पर्यटन दिवस का आयोजन :**

दिनांक 25-1-2018 को हिन्दी महाविद्यालय में पर्यटन दिवस का भव्य रूप से आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. चिन्नम रेड्डी, राष्ट्रीय पर्यटन और आतिथ्य प्रबंधन संस्थान के डायरेक्टर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। समारोह में संस्थाध्यक्ष श्री सुरेंद्र लूणिया तथा कोषाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूदंड़ा ने छात्रों को पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं से अवगत करवाया।

डॉ. चिन्नम रेड्डी जी ने अपने भारत में पर्यटन विकास के क्षेत्र में भारत का विश्व में 48 वाँ स्थान बताया है। यहाँ से दुनिया से प्रतिवर्ष 1 करोड़ पर्यटक भारत में आते हैं। इसमें वृद्धि को देखते हुए इस क्षेत्र में हमारे युवाओं को कौशल विकास की ट्रेनिंग लेकर आसानी से रोज़गार उपलब्ध हो जाते हैं।

**हिन्दी महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया :**

विद्यालय के प्रांगण में 69 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 4 व्हील्स ट्रेवल्स के प्रोपराइटर श्री सुमेर अतिथि के रूप में उपस्थित थे इस अवसर पर सर्वप्रथम मुख्य अतिथि श्री सुमेर जैन तथा प्रबंध समिति सदस्यों द्वारा महाविद्यालय की एनसीसी परेड का निरीक्षण किया गया तथा विद्यार्थियों को देश का ज़िम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

**सम्मानित किये गये हिन्दी महाविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक :**

दिनांक 31-1-2018 को हिन्दी महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी संघ ने अपने पुराने दिनों की यादों को ताजा करते हुए सेवानिवृत्त प्राध्यापकों को सम्मानित कर आर्शीवाद प्राप्त किया। नल्लाकुंटा स्थित हिन्दी महाविद्यालय प्रांगण के आयोजन समारोह में महाविद्यालय से शिक्षा ग्रहण करने वाले पूर्व छात्रों ने अपने-अपने अध्यापकों की सेवाओं को याद किया तथा इस बात के लिए आभार ज्ञापित किया आज वे जिस स्थान पर है, वह इन्हीं प्राध्यापकों की देन है।

महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य श्यामसुंदर मूंदड़ा ने वर्ष 1961 के दिनों की याद को ताजा करते हुए कहा है कि हिन्दी महाविद्यालय वर्ष 1961 में आरंभ हुआ। जब वे 14 वर्ष के थे, तब पढ़ाई के साथ-साथ यहाँ पर अध्यापन का कार्य कर प्राचार्य के पद तक सेवा देने के बाद प्रबधन से भी जुड़े। उन्होंने कहा कि हिन्दी महाविद्यालय जब आरंभ हुआ था, तो मात्र 7 छात्र थे। उस्मानिया विश्वविद्यालय में खलबली तब मची, जब कॉलेज के विद्यार्थी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उसके बाद महाविद्यालय में कई दुर्लभ कार्य भी किये और नाम कमाया। उन्होंने पूर्व छात्रों के साथ-साथ वर्तमान छात्रों को हिन्दी महाविद्यालय से जुड़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर पूर्व छात्र अब्दुल हामिद खान, होमनिधि शर्मा ने अपने विचार रखे और डॉ. अफसरउन्नीसा बेगम ने कविता पाठ किया।

**हिन्दी महाविद्यालय में मतदाता दिवस मनाया गया :**

दिनांक 25-1-2018 को हिन्दी महाविद्यालय में राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम राजनीतिशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती अर्चना पांडेय ने विद्यार्थियों को मतदाता दिवस का महत्व समझाते हुए उन्हें उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मतदाता दिवस का उद्देश्य युवा भारतीयों को लोकतांत्रिक तथा राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहन करना है। नागरिक अपने मत को व्यर्थ न समझते हुए उनका उचित प्रयोग करें।

**हिन्दी महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव :**

हिन्दी महाविद्यालय के सभागार में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में तेलंगाना राज्य के कॉलेजिएट एजूकेशन के कमिश्नर श्री नवीन मित्तल तथा विशेष अतिथि, उस्मानिया विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. कुमार आमंत्रित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यदर्शी श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा, संयुक्त कार्यदर्शी सुरेशचंद लाहोटी, कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर मूंदड़ा एवं सदस्य किशोर संचेती उपस्थित थे।

मित्तल जी के बहुआयामी कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रशासन से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के दायित्वों का निर्वाह आपने कुशलता से किया है तथा छात्रों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। विद्यार्थियों को वार्षिकोत्सव की बधाई देते हुए नवीन मित्तल जी ने कहा- वर्क हार्ड ऐंड वर्क स्मार्ट। सफलता अर्जित करने के लिए छात्रों को सर्वप्रथम टाइम मैनेजमेंट सीखना होगा। छात्र अपने सामर्थ्य को पहचान कर उसके अनुसार लक्ष्य निर्धारित करें। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी में आयी क्रांति ने आपके लिए सूचना के द्वार खोल दिये हैं। उसका सदुपयोग करें। अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त कर अपना बौद्धिक विकास करें। अनुशासन और दृढ़निश्चय से आप सफलता अर्जित कर सकते हैं।

